हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई, 2025

11 बारिश ने तोड़ा चढ़ते पारे का गुरुर, दो डिग्री सेल्सियस ...



12 बारिश ने बिगाड़ी सड़कों की सेहत, धंसी ब्लाक वाली ...



**खबर संक्षेप**

### कल होगी जांगड़ा समाज की बैठक, होगी चर्चा

**बाढड़ा।** जांगड़ा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 20 जुलाई को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी समाज के प्रधान प्रकाश सिंह बेरला एवं सचिव महिपाल जांगड़ा ने साझा की। जिसमें समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से शिक्षा, युवा जागरूकता, सामाजिक एकता तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विचार-विमर्श होगा।

### मंदिर का गेट गिरा, दबने से किशोरी की मौत

**बवानीखेड़ा।** गांव सज्जनपुर में मंदिर के सामने खेलते समय अचानक मंदिर का गेट गिरने से उसके नीचे 11 वर्षीय किशोरी की दबने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चाचा के लिखित बयान पर कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। विकास ने बताया कि बड़े भाई सुरेंद्र की तीन बेटियां हैं। मंदिर के पास खेलते हुए मंझली यशस्वी पर मंदिर का गेट गिर गया।

### फाउंडेशन ने अस्पताल में दी निःशुल्क दवा

**चरखी दादरी।** गीत अर्जुना फाउंडेशन ने अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवा दी। एसएमओ डॉ. टिकाराम , डॉ. नेहा टुटेजा व अरुण उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से कोमल सोनी, अमित तथा कियांश वर्मा ने अस्पताल प्रशासन को दवाएं सौंपी। इस का मुख्य उद्देश्य यह है कि गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर सही इलाज और आवश्यक दवाइयां मिल सकें।

### बेटे के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**बाढड़ा।** संदीप सांगवान ने अपने बेटे कांहा के जन्मदिन पर त्रिवेणी लगवाई। संदीप के पापा बलबीर सांगवान तीन साल से लगातार ऑसीजन पार्क की सेवा कर रहे हैं जो 14 एकड़ में लगा हुआ है बाढ़ पीपल नीम इनके पापा की भी पेड पौधों में अच्छी रुचि है। एसडीएम मनोज दलाल भी उपस्थित थे। अपने बेटे के दूसरे जन्मदिन पर गांव के आ1सीजन पार्क में त्रिवेणी लगाकर बेटे का जन्मदिन मनाया।

### यूजी और पीजी की मर्सी चांस परीक्षा डेटशीट जारी

**भिवानी।** सीबीएलयू ने यूजी एवं पीजी कोर्सेज के मर्सी चांस परीक्षाओं की डेट शीट जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ पवन गुप्ता ने बताया कि विवि ने यूजी कोर्सेज बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बी.एड, बीएड स्पेशल, एलएलबी इत्यादि तथा पीजी कोर्सेज के एमए, (इकोनॉमिक्स, इंग्लिश, हिस्ट्री, हिंदी, पॉलिटिकल साइंस,) एम.फार्मेसी, एमएससी (कंप्यूटर साइंस, फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स, जूलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, ज्योग्राफी, साइकोलॉजी, एमबीए, एमजेएमसी, एमपीईएस, एम.एड, एमएड एजुकेशन व एपीजीडीजीसी के मर्सी चांस की परीक्षाएं होंगी।

# सीवर व्यवस्था का निकला दिवाला शहर का नहीं दिख रहा कोई रखवाला

## बदहाल सीवर व्यवस्था को लेकर पार्षद सुभाष की अगुवाई में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

डॉबर कॉलोनी की गली संख्या 27 तथा उत्तमनगर कॉलोनी की महिलाएं पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव की अगुवाई में पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पहुंची और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



**भिवानी।** बदहाल सीवर व्यवस्था को लेकर नारेबाजी करती महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

**एक माह में डाल दी जाएगी नई सीवर लाइन**

पार्षद सुभाष तंवर व पार्षद संदीप यादव ने बताया कि महिलाओं के विरोध को देखते हुए अधिकारी ने अन्य अधिकारियों को मौके पर बुलाया। उनसे विचार-विमर्श करके एक माह के भीतर इन दोनों इलाकों की सीवर लाइन बदलवाए जाने का भरोसा दिलाया। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि वे जल्द ही उक्त इलाके की डैमेज लाइन का सर्वे करवा कर उसकी जगह नई लाइन डलवाए जाने का प्रक्रिया पूरी करवाएंगे और निर्धारित समयावधि में सीवर लाइन डलवा दी जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शायद शहर का कोई हिस्सा या कॉलोनी ऐसी नहीं होगी,जहां पर सीवर की समस्या न हो। सबसे बुरी स्थिति बाहरी कॉलोनियों की बनी है। वहां पर पानी की सही ढंग से कोई व्यवस्था न होने की वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी गलियों में ही जमा रहता है।

बदहाल सीवर व्यवस्था को लेकर डॉबर कॉलोनी की गली संख्या 27 तथा उत्तमनगर कॉलोनी की महिलाएं पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव की अगुवाई में पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में अधिकारियों ने उक्त इलाके की पुरानी सीवर लाइन की जगह नई सीवर लाइन डाले जाने का आश्वासन दिया। तब जाकर महिलाएं शांत हुई। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर एक माह के भीतर उक्त इलाके में नई सीवर लाइन नहीं डाली तो वे फिर से सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

शुक्रवार दोपहर डॉबर कॉलोनी व उत्तम नगर कॉलोनी की महिलाएं अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पहुंची। इस दौरान पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि डाबर कॉलोनी की गली संख्या 27 में अनेक जगहों पर सीवर लाइन जमीन में धंस गई है। जिस वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी मेन होल से ही आगे नहीं पहुंच पा रहा है।

बारिश के दिनों में स्थिति बेहद पतली हो रही है। घरों से निकलने वाले पानी के साथ बारिश का पानी आगे बहने की बजाए सड़कों व गलियों में फैल जाता है। हालात ये बनते है कि गली व सड़कों पर जमा डेढ फुट पानी के बीच से ही होकर लोगों को गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। यही स्थिति उत्तम नगर कॉलोनी की बनी हुई है। वहां पर सीवर लाइन बदहाल अवस्था में है। बारिश के पानी के साथ घरों से निकलने वाला पानी आगे नहीं निकल पा रहा है। जिस वजह से सारा पानी गली व सड़कों पर फैल रहा है।

**ये रहे मौजूद**

सूरजभान जांगड़ा, राजा राम मिस्त्री, आकाश, केला, प्रवीण, मनवा, सत्यनारायण, रामस्वरूप, मनोज मास्टर मौजूद रहे।

# संस्थान नहीं करवा सकेंगे परीक्षा केन्द्र में बदलाव

- 30 व 31 जुलाई को होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट परीक्षा-2024 का आयोजन 30 व 31 जुलाई, 2025 को करवाया जा रहा है। 30 जुलाई को लेवल-3 (पीजीटी) एवं 31 जुलाई को लेवल-2 (टीजीटी) व लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विभिन्न विद्यालय/संस्थानों में कुल 673 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा की अनिवार्यता के दृष्टिगत विद्यालय/संस्थान उनके भवन में स्थापित परीक्षा केन्द्रों में कोई भी बदलाव नहीं करवा सकेंगे। इस आशय की विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने आज यहां एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि एचटेट परीक्षा-2024 का संचालन 26 व 27 जुलाई के स्थान पर अब 30 व 31 जुलाई, 2025 को करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय/सस्थानों के मुखियाओं द्वारा 26 व 27 जुलाई के लिए दी गई सहमति के आधार पर ही 30 व 31 जुलाई, 2025 के लिए उनके भवन में परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा के सफल संचालन हेतु विद्यालय/संस्थान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि विद्यालय/संस्थान में स्थापित परीक्षा केन्द्रों को किसी भी अवस्था में नहीं बदला जाएगा। इस बारे सभी विद्यालय/संस्थान मुखियाओं को शिक्षा बोर्ड कार्यालय की ओर से पत्र के माध्यम से भी सूचित किया जा चुका है। ज्ञात रहे कि लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई (बुधवार) को सायंकालीन सत्र में 3:00 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी, लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा 31 जुलाई (वीरवार) को प्रातः कालीन सत्र में 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा भी इसी दिन यानि 31 जुलाई (वीरवार) को सायंकालीन सत्र में 3:00 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी। सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

### 21 को डुडीवाला नंदकरण गांव में रात्रि ठहराव

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त मुनीश शर्मा और पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी का रात्रि ठहराव कार्यक्रम 21 जुलाई सोमवार डुडीवाला नंदकरण में होगा। इस दौरान गांव की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका समाधान भी किया जाएगा। साथ ही गांव के विकास को लेकर लोगों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

# सीईटी परीक्षा के चलते जिले में सभी विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश किए रद

- स्वास्थ्य संबंधी विशेष परिस्थिति में सिविल सर्जन के सत्यापित मेडिकल प्रमाण-पत्र से मेडिकल छुट्टी होगी मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी परीक्षा के चलते डीसी ने जिला में सभी विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को सभी तरह के अवकाश रद्द किए हैं। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपना मुक्चयालय नहीं छोड़ेंगे। स्वास्थ्य संबंधी विशेष परिस्थिति में केवल सीएमओ द्वारासत्यापित प्रमाण-पत्र से ही मेडिकल अवकाश मान्य होगा। उपायुञ्चत साहिल गुप्ता ने अपने आदेशों में बताया है कि सीईटी परीक्षा को निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढ़ंग से सक्वपन्न करवाने के लिए ये आदेश जारी किए हैं।

सीईटी हेतू भिवानी में 35 लोकेशन पर सभी 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सीईटी परीक्षा के मद्देनजर भिवानी जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि वे अपने मुक्चयालय पर उपस्थित रहें और आवश्यकतानुसार परीक्षा संबंधी कर्तव्यों के लिए अपनी उपलद्धधता सुनिश्चित करें। उपायुञ्चत ने अपने आदेशों में कहा है कि सीईटी परीक्षा सक्वपन्न होने तक की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का अवकाश, जिसमें आकस्मिक अवकाश या अर्जित अवकाश स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुक्चय चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) भिवानी द्वारा प्रमाणित वास्तविक चिकित्सा आपात स्थिति को छोडक़र, चिकित्सा अवकाश स्वीकार्य नहीं होगा। किसी भी परिस्थिति में कोई अन्य चिकित्सा प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपायुञ्चत ने कहा है कि आदेशों की कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित की जाए और इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विश्व रैंकिंग में सुजित कलकल ने जीता गोल्ड

- हंगरी में आयोजित हुई थी विश्व रैंकिंग चैंपियनशिप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** गोल्ड मेडल पदक जीतने के बाद सुजीत का हाथ उठाते रेफरी। *फोटो: हरिभूमि*

गांव इमलोटा के युवा पहलवान सुजित कलकल ने एक बार फिर से अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में गोल्ड मैडल जीत कर देश के नाम को पूरे विश्व में रोशन किया है। पिछले लंबे समय से यह सुजीत कलकल लगातार विभिन्न इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। हंगरी में आयोजित सीनियर कुश्ती विश्व रैंकिंग चैम्पियनशिप में यह कारनामा सुजित ने किया है। इस उपलब्धि के बारे में जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ सचिव योगेश इमलोटा ने बताया कि सुजित ने इसमें बडी प्रतियोगिता में 65 किलोग्राम भारवर्ग के तहत अपनी चुनौती रखी थी। उसने इस स्पर्धा में गोल्ड मैडल जीता। योगेश ने बताया कि उसने अपने पहले राउंड में अलबेनिया के ओलपिंक कांस्य पदक विजेता को हराया। दूसरे राउंड में फ्रांस के रेसलर को मात दी। सेमिफाइनल में अरमेनिया के पहलवान दो बार के वर्ल्ड चैम्पियन व दो बार ओलंपियन रेसरलर को मात देकर खिताबी चरण में प्रवेश किया। यहां अजरबेजान के पहलवान को शानदार तरीके से मात दी।

# दस साल बाद बाढ़ड़ा आ रहे हैं मुख्यमंत्री लोगों को बड़ी सौगातें मिलने की उम्मीद

*एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मिले मंजूरी*

- फसल खराबी का अभी तक बजट जारी नहीं कर पाई सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के साथ हर पार्टी की सरकार ने सौतेला बर्ताव कर विकास व रोजगार के मामले में पीछे धकेलने का काम किया है। वर्ष २०१५ के बाद पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में आ रहे हैं इसीलिए उनको कोरी घोषणाओं की बजाए कम से कम एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की मंजूरी देनी चाहिए। जनता बिजली पानी शिक्षा चिकित्सा सुविधाओं के लिए तरस रही है और सीएम व विधायक जनता को झूठे सब्जबाग दिखाने में जुटे हैं। स्टोन क्रेशर एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष सोमबीर सिंह घसौला ने गांव बाढड़ा, काकड़ौली, कादमा, बेरला, कान्हड़ा, दगड़ौली में ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों के साथ हर मामले में सौतेला बर्ताव किया जा रहा है। वर्ष 2023 का बकाया मुआवजा एक चौथाई भी जारी नहीं किया और बीम कंपनी सारा डकार गई वहीं अब वर्ष 2024-25 की रबी सीजन में गेहूं, सरसों व सब्जियों की फसलों पर तीन बार की प्राकृतिक आपदा की मार के बावजूद सरकार अभी तक बजट जारी नहीं कर पाई है। इससे किसानों को वह फसल तो नाममात्र की प्राप्त हुई वहीं अब बार बार बरसात से उनको महंगे भाव का बीज खरीदना पड़ रहा है लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। सीएम व सरकार के अन्य जनप्रतिनिधि बार बार दावा करते थे कि रबी सीजन की फसल कटाई से पहले किसानों के खातों में नुकसान की राशी भेजी जाएगी लेकिन अब सरकार सारे मामले पर चुप्पी साधे हुए है जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन को झूठे सब्जबाग दिखा रही है।

# रोहतक के व्यक्ति ने दादरी में लगाई फांसी

- एक महीने से मंदिर में सेवा कर रहा था कुलदीप सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

**रात को खाना खाकर सोया था**

मंदिर के सेवकों ने बताया कि कुलदीप सिंह अक्सर मंदिर में आता रहता था, वह अब करीब एक महीने से यहां ठहरा हुआ था। बीती रात वह खाना खाने के बाद सो गया था, लेकिन जब सुबह उठे तो कुलदीप मृत अवस्था में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

कपूरी गांव में रोहतक जिला के मोखरा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पेड़ में फांसी का फंदा डालकर आत्म हत्या कर ली। मृतक व्यक्ति कपूरी पहाड़ी स्थित मंदिर में सेवा करने के लिए आया था। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर दादरी सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। गांव मोखरा निवासी कुलदीप सिंह (50) कपूरी पहाड़ी स्थित मंदिर में पिछले एक महीने से सेवा करने के लिए आया हुआ था। आज सुबह उमेद का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। मंदिर के सेवकों ने देखा तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों को जानकारी दी। परिजनों के पहुंचाने के बाद शव को फंदे से उतरा गया और बयान दर्ज कर सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों ने बताया कि कुलदीप कपूरी पहाड़ी मंदिर में काफी आस्था रखता है। वह यहां सेवा के लिए आता रहता था। इस बार भी वह एक महीने से यहां ठहरा हुआ था। कुलदीप विवाहित था और उसके दो बच्चे हैं।

# ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

- लाइनमैन के ट्रांसफर के विरोध में एकजुट हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



**बहल।** लाइनमैन को बदले जाने के विरोध में बिजली निगम में प्रदर्शन करते हुए पातवान के ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

पातवान गांव में कार्यरत बिजली निगम के लाइनमैन को सेरला गांव में लाइन पर नियुक्त किए जाने से पातवान गांव के उपभोक्ता नाराज हो गए। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में कार्यरत लाइनमैन पिछले काफी समय से कार्यरत है और गांव के लोग उसकी सेवा से पूरी तरह से संतुष्ट है। लाइनमैन को बदले जाने पर विरोध जताते हुए बिजली निगम कार्यालय में प्रदर्शन किया। शुक्रवार पातवान गांव के ग्रामीण बिजली निगम कार्यालय में पहुंचे। ग्रामीणों ने बिजली निगम के एसडीओ से पातवान गांव में कार्यरत लाइनमैन ईश्वर सिंह को बदले जाने पर आपति जताई और कहा कि ईश्वर सिंह उनके गांव में पिछले काफी समय से कार्यरत है। उनको गांव की भौगोलिक स्थिति और बिजली निगम के उपभोक्ताओं की पूरी जानकारी है। उनकी सेवाओं से पूरा गांव संतुष्ट है। ऐसे में उनको बदला जाना सही नहीं है।

## बीमा क्लेम मामला: किसानों का तीसरे दिन भी महापड़ाव जारी

# 350 करोड़ किसानों का हक, उसे लेकर रहेंगे

- विभिन्न संगठनों ने धरना स्थल पहुंचकर दिया समर्थन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

खरीफ फसल 2023 का भिवानी व चरखी दादरी जिला के 350 करोड़ रुपये के कथित बीमा क्लेम घौटाले और किसान हित की मांगों को लेकर किसानों का लोहारू में तीसरे दिन महापड़ाव जारी रहा। तीसरे दिन अनेक संगठनों के लोगों ने किसानों का समर्थन किया। एडवोकेट अशोक आर्य ने कहा कि अधिकारियों व कंपनी की मिलीभगत से करीब 350 करोड़ के बीमा क्लेक घोटाले में वे तब तक चैन से नही बैठेंगे। यह किसानों का हक है व लेकर रहेंगे।



**लोहारू।** लोहारू में किसानों के अनिश्चितकालीन धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता एडवोकेट अशोक आर्य। *फोटो: हरिभूमि*

**खुलनी चाहिए क्लेम घोटाले की सभी परतें**

तीसरे दिन धरने की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा बहल ब्लॉक अध्यक्ष धनपत ढ़ाणी ओबरा, धर्मपाल फरटिया केहर, सूबेदार मंदरुप नेहरा सेहर, कर्ण सिंह ठाकन हरियावास व मुकेश नंबरदार कासनीकलां ने संयुक्त रूप की तथा धरना का संचालन कविता आर्य एडवोकेट ने किया। कविता आर्य एडवोकेट ने बताया कि हमारा अनिश्चितकालीन पड़ाव व विरोध धरना दिन रात लगातार जारी है जहां दिन में सैकड़ों किसान सभा का संचालन करते हैं वहीं रात्रि में सैंकड़ों किसान धरना स्थल पर ही शयन करते हैं। बीकेयू युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद ने कहा कि एक पूर्व मंत्री और कंपनी की मिलीभगत से हुए इस बीमा क्लेम घोटाले की सभी परतें खुलनी चाहिए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। किसान को जब तक उसका हक नही मिल जाता, उनका यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि एसडीएम कार्यालय के सामने परिसर में अनिश्चितकालीन पड़ाव डालकर पक्का मोर्चा लगा दिया है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धूप सिंह श्योराण ने बताया कि लोहारू के क्रांतिकारी किसानों ने खरीफ फसल 2023 फसल बीमा क्लेम के विरुद्ध आंदोलन अब जन आंदोलन बनता जा रहा है तथा जहां सभी किसान संगठन एक होकर संघर्ष कर रहे हैं वहीं अन्य सामाजिक संगठन भी किसानों का सहयोग करने को तैयार हैं।



एनाकोंडा सांप का वजन लगभग 300 किलो तक हो सकता है।



बिच्छू एक हफ्ते तक सांस रोककर भी जिन्दा रह सकता है।



# एजुकेशन लोन : पढ़ाई में आ रही है दिक्कतों से मुक्ति



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर कोई बिना किसी वाधा के अपनी पढाई का सफर पूरा करना चाहता है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कुछ लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है क्योंकि घर की स्थिति खराब होती है और वो अपनी शिक्षा को जारी नहीं रख पाते हैं। अगर कोई भी इस तरह की स्थिति से जूझ रहा हैं तो उसे बैंक से एजुकेशन लोन मिल सकता है। अगर अभिभावक बच्चे को उच्च शिक्षा दिलाने में काबिल नहीं हैं और उनका सपना है कि उनका बच्चा जिंदगी में बढ़े लेवल पर काम करे तो वह स्टूडेंट स्कालरशिप कि साथ साथ स्टूडेंट लोन भी ले सकते हैं।

## क्या है एजुकेशन लोन

अपनी एजुकेशन पर किसी बैंक संस्थान से लिया गया पैसा या उच्च स्तर की शिक्षा के लिए लोन लेने को एजुकेशन लोन या फिर स्टूडेंट लोन का नाम दिया जाता है। इस लोन को छात्र खुद या उसके अभिवावक प्राप्त कर सकते हैं और अपने बच्चे को आगे की पढाई बिना किसी रूकावट के करा सकते हैं। इसी के साथ छात्र का सपना अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना है तो वह बैंक की शर्तों के आधार पर लोन प्राप्त कर सकता है।

### कैसे लें लोन

शिक्षा ऋण लेने से पहले आपको इसके टर्म और कंडीशन को अच्छे से समझना होगा ताकि बाद में पैसा वापस करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। लेकिन यह भी सही है कि शिक्षा ऋण में आपको दूसरे ऋणों के मुकाबले काफी कम ब्याज और ज्यादा समय भी मिलता है। इसके लिए आपको सही बैंक को चुनना जरुरी है और उनसे उनकी शर्तों को पता कर लें। अगर आप बाद में लोन की राशि लुटाने में सक्षम हो तो आप एक गारंटर को साथ लेकर बैंक के सारे रूल मानते हुए लोन ले सकते हैं। लोन की पूरी पर्किर्या पास होने पर जब आप और बैंक बिल्कुल निश्चिंत हो जाएं तो आपको लोन का पैसा दे दिया जाता है। जिसकी मदद से आप आसानी से अपनी उच्च शिक्षा के सपने को साकार कर पाएंगे।

## कितने प्रकार का होता है लोन

**पेरेंट्स लोन** :- यह लोन स्टूडेंट के मां-बाप को दिया जाता है, जिनकी वित्तीय क्षमता बच्चों को उच्च सत्तर की शिक्षा देने में सही नहीं होती। यह पैरेंट लोन लेकर वह अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दिला सकते हैं।

**अंडर ग्रेजुएट लोन** :- यह लोन उन स्टूडेंट्स के लिए होता है जो अपनी स्कूल की पढाई पूरी करने के बाद स्नातक करना चाहते हैं और वह ग्रेजुएशन चाहे भारत में या विदेश में करनी हो उनको लोन मिल जाता है और लोन की मदद से छात्र आसानी से अपनी ग्रेजुएशन कर पता है।

**प्रोफेशनल ग्रेजुएट लोन** :- इसका मतलब जो छात्र स्नातक पूरा कर चुके हैं और आगे की पढाई करना चाहते हैं , तो उनको यह लोन दिया जाता है।

**करियर एजुकेशन लोन** :- किसी खास क्षेत्र में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले यह लोन ले सकते हैं। जैसे कि अगर कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो वह मेडिकल करियर के लिए लोन पास करवा सकता है।

इन सभी में से आपको किसी भी प्रकार का लोन चाहिए तो आप अपने नजदीकी बैंक से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और लोन के प्रोसेस के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

## डाक्यूमेंट और जरूरत पर करता निर्भर

### कितना लोन मिलता

एजुकेशन लोन की राशि आपके पढाई के डाक्यूमेंट्स और आपकी जरूरत पर निर्भर करती हैं। आपको 50,000 से लेकर 4 लाख रूपए तक का स्टूडेंट लोन आसानी से मिल जाता है जो आप बिना किसी गारंटी के ले पाएंगे। अगर आप 10वीं पास यानी कि 10वीं के सर्टीफिकेट पर लोन लेना चाहते हो तो आपको 50,000 से लेकर 1,50,000 रूपए तक लोन मिल जाता है।

### क्या कागजात चाहिए

स्टूडेंट को अपनी एजुकेशन पर लोन लेने के कुछ जरुरी कागजातों की जरुरत पड़ेगी, एजुकेशन लोन कागजात के लिए निम्नलिखित दस्तावेज चाहिए।

योग्यता प्रमाण पत्र, कोर्स की जानकारी

आयु दस्तावेज , निवास पता

पहचान पत्र , बैंक की पासबुक

पासपोर्ट साइज फोटो

### प्रोसेस

आपको किसी बैंक या संस्था से लोन लेने के लिए पुरे प्रोसीजर को फॉलो करना होता है ताकि आपको जल्दी और ठीक तरीके से लोन का पैसा मिल सके। यह है लोन प्रोसेस।

- सबसे पहले बैंक का निर्धारण कर बैंक से संपर्क करें।
- बैंक अधिकारीयों से स्टूडेंट लोन के बारे में पता करें और उनके द्वारा दिए गए फॉर्म को ठीक से भरें।
- अब बैंक आपसे जो भी जरुरी कागजात मांगती है वह उपलब्ध करवाएं।
- बैंक वाले आपसे जो जानकारी पूछे उसे सही से बताएं और उनकी शर्तें भी पता करें।
- अगर अपने फॉर्म के साथ डॉक्यूमेंट भी जमा करा दिए हैं तो बैंक के जवाब का इंतजार करें।
- बैंकों की अपनी एक प्रोसेस होती है लोन को पास करने की वह पूरी होते ही आपको लोन मिल जाता है।

### ब्याज दर

एजुकेशन लोन में ब्याज दरें दूसरी लोन स्कीम के मुकाबले काफी कम होती हैं। बैंक की ब्याज दर सबकी अलग अलग होती हैं। इसमें समय-समय पर बदलाव होता रहता है।

## भारतीयों की पहली पसंद है विदेशों से एजुकेशन हासिल करना

# विदेश में पढ़ाई करना चाहते है तो आपके काम आएंगे यह प्लेटफॉर्म

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

देश में पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले समय में इससे और अधिक बढ़ने की संभावना है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं।

## उच्च शिक्षा प्राप्त करने का साधन



### ईयूगेटवे



ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। **eugateway.in** पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ□क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। **Studyandworkabroad.in** पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

### विदेश में पढ़ाई करने के फायदे

विदेश में पढ़ाई का विकल्प चुनने से आप दुनिया को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहां आपको नए देशों को पूरी तरह से नई गतिविधियों और रिवाजों को एक्सपीरियंस करने का अवसर मिलेगा। आप जब दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं, तो आपकी यात्रा आपको हर तरह के लोगों के साथ बातचीत करने में मदद करती है, जिससे आपके सोचने का दायरा अलग-अलग हो जाता है। यह विदेश में पढ़ाई करने के शीर्ष लाभ में से एक है। आप विदेश में बेहतर करियर विकल्प भी चुन सकते हैं। विदेश की कई यूनिवर्सिटीज है जो बेहतर कोर्स के साथ-साथ छात्रवृत्तियां भी देती हैं।



# फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर, मिलेगी अच्छी सैलरी

किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। तो बता दें कि आप डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

### यह करना होता है काम

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

### क्या है फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स

यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आप का कॅरियर खूब फलेगा-फूलेगा

### कर सकते हैं ये कोर्स

इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में बीएससी और एमएससी कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

### इन फील्ड में कर सकते हैं काम

इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

# खुद को जानना, अपनी ताकत, कमजोरियों और मूल्यों को समझना ही असली सफलता



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा शब्द है जो हर छात्र के दिल में एक अलग ही जोश और प्रेरणा भर देता है। लेकिन क्या आपने कभी गहराई से सोचा है कि सफलता का असली मतलब क्या है? क्या यह केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना, एक प्रतिष्ठित नौकरी पाना, या सामाजिक मान्यता प्राप्त करना है? नहीं, असली सफलता इससे कहीं गहरी है। असली सफलता है खुद को जानना अपनी ताकत, कमजोरियों, जुनून, और मूल्यों को समझना। जब आप अपने आप को पूरी तरह समझ लेते हैं, तो जीवन की हर चुनौती आसान लगने लगती है, और आप अपने कौशलों को निखारकर अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने के लिए है, जिसमें हम आत्म-जागरूकता के महत्व, इसके लाभ, और अपने कौशलों को विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## आत्म-जागरूकता : सफलता का आधार

आत्म-जागरूकता का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं, रुचियों, और व्यवहार को समझना। यह एक दर्पण की तरह है जो आपको दिखाता है कि आप वास्तव में कौन हैं। जब आप अपने आप को जान लेते हैं, तो आप न केवल अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देख पाते हैं, बल्कि यह भी समझ पाते हैं कि उन लक्ष्यों तक पहुँचने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

**सही दिशा का चयन**: आज के समय में छात्रों पर कई तरह के दबाव होते हैं—परिवार की अपेक्षाएँ, सामाजिक मानदंड, या दोस्तों का प्रभाव। आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आपके लिए क्या सही है। उदाहरण के लिए, अगर आपको विज्ञान में रुचि नहीं है, लेकिन आप संगीत में रुचि रखते हैं, तो आप संगीत को अपने करियर का हिस्सा बना सकते हैं, भले ही समाज में विज्ञान को अधिक महत्व दिया जाता हो।

**आत्मविश्वास का विकास**: जब आप अपनी ताकत को पहचानते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आत्मविश्वास आपको असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखने की हिम्मत देता है।

**कमजोरियों को सुधारने का अवसर**: आत्म-जागरूकता आपको अपनी कमजोरियों को स्वीकार करने और उन पर काम करने की प्रेरणा देती है। उदाहरण के लिए, अगर आपको सार्वजनिक बोलने में डर लगता है, तो आप इस कौशल को बेहतर बनाने के लिए अभ्यास कर सकते हैं।

**बेहतर निर्णय लेना**: जब आप अपनी प्राथमिकताओं और मूल्यों को समझते हैं, तो आप बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह आपको उन रास्तों से बचाता है जो आपके लिए सही नहीं हैं।

**समय और ऊर्जा की बचत**: जब आप जानते हैं कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है, तो आप अपना समय और ऊर्जा उन चीजों पर केंद्रित करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको लेखन में रुचि है, तो आप इंजीनियरिंग की किताबों में समय बर्बाद करने के बजाय लेखन कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं।

**तनाव में कमी**: आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आप किन चीजों से तनावग्रस्त होते हैं और उन्हें कैसे प्रबंधित करना है। उदाहरण के लिए, अगर आपको समय प्रबंधन में कठिनाई होती है, तो आप अपने दिन को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के लिए टाइम मैनेजमेंट तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं।

## व्यवस्थित योजना बनाने में सहायक

**सकारात्मक रिश्ते**: जब आप अपने आप को समझते हैं, तो आप दूसरों के साथ बेहतर संबंध बना सकते हैं। आप जानते हैं कि आपको किन लोगों के साथ समय बिताना पसंद है और कौन से रिश्ते आपके लिए विषाक्त हो सकते हैं।

**लक्ष्य प्राप्ति में आसानी**: आत्म-जागरूकता आपको अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करने और उनके लिए एक व्यवस्थित योजना बनाने में मदद करती है। इससे आप अपने सपनों को हासिल करने के लिए सही कदम उठा सकते हैं।

**आत्म-मूल्यांकन करें**: एक डायरी बनाएं और उसमें अपनी ताकत, कमजोरियाँ, रुचियाँ, और लक्ष्य लिखें। कुछ सवालों के जवाब ढूँढें: मुझे क्या करने में मजा आता है? मैं किस चीज में स्वाभाविक रूप से अच्छा हूँ? मुझे किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है?

**नए कौशल सीखें**: ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे **Coursera**, **Udemy**, या **YouTube** पर उपलब्ध मुफ्त या सशुल्क कोर्सेज का उपयोग करें। उदाहरण के लिए, अगर आप प्रोग्रामिंग सीखना चाहते हैं, तो **Python** या **Java** जैसे कोर्स शुरू करें। स्थानीय कार्यशालाओं या कक्षाओं में भाग लें, जैसे कि कला, नृत्य, या सार्वजनिक बोलने की कक्षाएँ।

**नियमित अभ्यास करें**: किसी भी कौशल को निखारने के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आप लेखन में सुधार करना चाहते हैं, तो रोजाना 10-15 मिनट लिखने का अभ्यास करें। छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे कि हर हफ्ते एक नया शब्द सीखना या एक छोटी कहानी लिखना।

**फीडबैक लें** : अपने शिक्षकों, दोस्तों, या परिवार से अपनी प्रगति के बारे में राय लें। वे आपको उन क्षेत्रों के बारे में बता सकते हैं जहाँ आप अच्छा कर रहे हैं और जहाँ सुधार की जरूरत है। रचनात्मक आलोचना को सकारात्मक रूप से लें। यह आपको बेहतर बनाने में मदद करेगी। गलतियों से डरें नहीं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** स्वामी विवेकानंद को 'विवेकानंद' की उपाधि किसने प्रदान की थी ?
(ए) महाराजा खेतड़ी ने
(बी) महाराजा बडौदा ने
(सी) रामकृष्ण परमहंस ने
(डी) इनमे से कोई नहीं

**2.** संगीतज्ञ एवं ध्रुपद गायिकी तानसेन को 'कंठाभरणवाणीविलास'' की उपाधि किसने डी थी?
(ए) बाबर
(बी) अकबर
(सी) बैरम खान
(डी) जहाँगीर

**3.** मल्लराज सस्तिपल के महल में मृयु हुयी थी?
(ए) महात्मा बुद्ध की
(बी) महावीर स्वामी की
(सी) स्वामी विवेकानंद की
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** भारतीय पुनर्जागरण आन्दोलन के पिता कौन थे ?
(ए) बाल गंगाधर तिलक
(बी) दयानन्द सरस्वती
(सी) राजा राममोहन राय
(डी) श्रधानंद

**5.** शिकागो के प्रसिद्ध विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया था ?
(ए) सवामी श्रधानंद ने
(बी) स्वामी विवेकानंद ने
(सी) गोपाल कृष्ण गोखले
(डी) बाल गंगाधर तिलक ने

**6.** बंगाल में भक्ति आन्दोलन के प्रवर्तक थे ?
(ए) चैतन्य
(बी) रामानंद
(सी) नामदेव
(डी) रामानुज

**7.** किसकी समाधि होने के कारण नांदेड़ गुरुद्वारा सिख समुदाय के लिए पवित्र स्थल माना जाता है ?
(ए) गुरु नानक
(बी) गुरु रामदास
(सी) गुरु अर्जुन देव
(डी) गुरु गोविन्द सिंह

**8.** सुप्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा ग़ालिब कहाँ के मूल निवासी थे ?
(ए) आगरा
(बी) लखनऊ
(सी) दिल्ली
(डी) लाहौर

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### हडोदी स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों ने लगाए पौधे

**बाढ़ड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हडोदी में पौधरोपण अभियान कर एक पेड़ माँ के नाम के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सुचित्रा की अगुवाई में विद्यालय परिसर में अनेक प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई, जिसके बाद विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। इस विशेष अवसर पर सुचित्रा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी

### प्ले स्कूल कारीदास में लगाए पौधे

**बाढ़ड़ा।** खंड के नोडल अधिकारी सुंदरपाल फौगाट कि देखरेख में नन्हें मुन्नों के हाथों विभिन्न किस्म के पेडों व पौधों का रोपण स्कूल व आसपास के क्षेत्र में करवाया गया व उनकी देखभाल तथा संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। सुंदरपाल फौगाट ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही पेड़-पौधे लगाना सिखाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उनका जीवन अभी लंबा सफर है और जो पेड़ वे आज लगाएँगे, वे आने वाले सौ सालों तक उनकी सांसों का साथी बनेंगे। पेड़ सिर्फ छाया या ऑक्सीजन नहीं देते, वे बच्चों में धैर्य, वेदनशीलता और जिम्मेदारी का बीज भी बोते हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान को अगर कोई सच में जीवंत और स्थायी बना सकता है, तो वे हमारे बच्चे ही हैं। इसलिए आइए, हम बच्चों को प्रेरित करें।

### संगठन के विस्तार को लेकर आप ने की बैठक

**भिवानी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा में अपने संगठन को मजबूत करने और विस्तार देने के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय हांसी गेट स्थित आप कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के डीएनटी विंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं भिवानी जिला प्रभारी भीम सिंह महेशवाल ने आप कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता आप जिला अध्यक्ष गीता श्योराण लाखलाण ने की।

### मच्छरों की भरमार से डेंगू फैलने का खतरा

**भिवानी।** शहर के दादरी गेट, ढाणा रोड, आनंद नगर स्थित गली नंबर 12, जो सोहनलाल धर्मशाला के पास स्थित है, वहां पिछले 15 दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो और जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्रवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी व संदीप यादव ने बताया कि इस समस्या ने स्थानीय निवासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गली के अंत में स्थित यह बंद गली गंदे पानी से भरी हुई है, जिससे भारी मच्छर प्रकोप उत्पन्न हो चुका है और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासी, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे प्रमुख रूप से प्रभावित हैं, अब बीमारियों की चपेट में आने के डर से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि आने-जाने का रास्ता दूभर हो गया है और बच्चों को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। घरों में बदबू और गंदगी फैल चुकी है।

# भाजपा नेताओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में पौधे वितरित करती भाजपा महामंत्री रेखा राघव।

- भाजपा की नवनियुक्त जिला महामंत्री रेखा राघव को पौधें भेंट कर कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। हाल ही में नवनियुक्त जिला महामंत्री रेखा राघव को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मानित करने के लिए पुष्पगुच्छ की जगह एक-एक पौधा भेंट किया गया, जो पर्यावरण के प्रति एक महत्वपूर्ण संदेश है। यह अभिनव सम्मान समारोह स्थानीय बैंक कॉलोनी में आयोजित किया गया, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेखा राघव को उनकी नई नियुक्ति पर बधाई दी और उन्हे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता ने रेखा राघव को एक-एक पौधा देकर ना केवल उनका अभिनंदन किया बल्कि पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने की सामूहिक जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए नवनियुक्त जिला महामंत्री रेखा राघव ने कार्यकर्ताओं के इस अद्वितीय सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने दृढ़ संकल्प के साथ कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा भेंट किया गया हर एक पौधा वे स्वयं रोपित करेंगी और उनके संरक्षण का पूरा ध्यान रखेंगी।

#### पर्यावरण संरक्षण को लेकर बढ़ रही जागरूकता

उन्होंने कहा कि यह पहल केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं है, बल्कि भाजपा की पर्यावरण के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। भाजपा नेताओं का यह कदम ऐसे समय में आया है जब पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ रही है। इस तरह की पहल से न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि आम जनता को भी पौधारोपण और उनके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इस अवसर पर सोनू तिगड़ाना, सुनीता भारद्वाज, संतोष, बिमला परमार, ममता राजपूत, सज्जन कौर, सुनीता वर्मा, रणधीर राठौड़, मामराज, रविंद्र, रणधीर पंवार, ओमपाल पंवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजदू रहे।

### दोपहर तक पारा पहुंच गया था 35 डिग्री सेल्सियस तक

# बारिश ने तोड़ा चढ़ते पारे का गुरुर, दो डिग्री सेल्सियस लुढ़ककर 33 पर आया

शुक्रवार दोपहर बाद करीब 15 मिनट तक आसमान से पानी बरसा। लोगों को गर्मी और उमस से मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार दोपहर तक चटक धूप ने लोगों को गर्मी व उमस से परेशान किए रखा,लेकिन शाम के वक्त अचानक मौसम ने करवट बदली। आसमान में छाई काली घटाओं ने आसमान से पानी बरसना आरंभ कर दिया।

करीब 15 मिनट तक आसमान से पानी बरसा। पानी बरसने से एकदम पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे लूढक गया। जिस वजह से लोगों को गर्मी से छुटकारा मिल गया। दोपहर तक पारा भी 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी से लोग बेहाल नजर आए। पर दोपहर बाद बादलवाही के चलते उमस और गर्मी से राहत मिली। हालांकि कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी,लेकिन जल्द ही प्रशासन ने पम्प के जरिए पानी की निकासी करवा दी।



**भिवानी।** शाम के वक्त बारिश से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

#### ज्यादा पानी से फसलों में नुकसान की आंशका

जिन इलाकों में फसलों में ज्यादा पानी जमा है। उन इलाकों हलकी बारिश का भी पानी फसलों में जमा हो। जिससे फसलों में नुकसान होने की आशंका बन गई ह। क्योंकि कई जगहों पर धान की फसल में एक से दो फुट तक बारिश का पानी जमा है। जिस वजह से धान की फसल गलने लगती है। अगर थोड़ा सा पानी ओर बढ गया तो इन फसलों का खतम होना लाजिमी है। वहीं कपास की फसल में ज्यादा पानी से कपास के पौधें भी गलने लगे है। अगर थोड़ा सा पानी ओर बढ गया तो कपास की फसल से भी किसानों को हाथ धोने पड़ सकते है। वहीं ज्वार व बाजरे की फसल में भी नुकसान होने की आशंका बन गई है। दूसरी तरफ ज्यादा पानी बरसने से पशुओं के लिए चारे की फसल ज्वार भी गलने लगी है।



भिवानी। हिसार के दलित युवक गणेश की मौत के मामले में कैबिनेट मंत्री 'कृष्ण बेदी' और हल्का बवानी खेड़ा विधायक 'कपूर सिंह वाल्मीकि' बातचीत करते हुए।

## विधायक गणेश के परिजनों से हुए रूबरू, बोले मिलेगा इंसाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

हिसार के दलित युवक गणेश की मौत के मामले में कैबिनेट मंत्री 'कृष्ण बेदी' और हल्का बवानी खेड़ा विधायक 'कपूर सिंह वाल्मीकि' ने परिजनों से मुलाकात की और परिजनों को आश्वासन दिया कि उनके साथ पूरा न्याय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे सम्मान के साथ गणेश वाल्मीकि का अंतिम संस्कार किया जाएगा। हालांकि गणेश के पिता समेत कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मिला और बताया जाता है कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बातचीत के बाद परिवार संतुष्ट दिखा और मुख्यमंत्री से बातचीत में कमेटी की 5 मांगे मानी गई हैं। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि हालांकि परिवार और कमेटी की मांग पर इस मामले में एफआईआर दर्ज करने का फैसला हुआ है। पीड़ति परिवार की मांग पर पोस्टमार्टम के लिए बोर्ड के गठन की मांग को भी माना गया। परिवार के एक सदस्य को किसी तरह के रोजगार देने की मांग पर भी सहमत बनी है। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि कांग्रेस मामले में राजनीति कर रही है जबकि उनकी सरकार में मिर्चपुर और गोहाना कांड हुए थे वह उन्हें याद नही। हालांकि इस मामले गणेश के पिता विक्रम और चाचा दिनेश ने भी कहा कि मुख्यमंत्री से मांग के बाद सहमति बन गई है।

## ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट पर मिलेगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

- ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट बिजली में आत्म निर्भर की अनुठी मिसाल
- अनुसूचित व पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं में अनुदान पर लगेंगे सोलर पैनल : एसडीएम

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग व हरेडा के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना चलाई जा रही है।

इसी योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा उपमंडल की पंजीकृत अनुसूचित व पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे, जिसकी 25 प्रतिशत राशि संबंधित संस्था द्वारा वहन की जाएगी। यह सरकार की बिजली के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने के लिए एक अनूठी योजना शुरू की गई है। इन धर्मशालाओं में बिना बैटरी बैक अप के पांच किलोवाट तक के सोलर पावर प्लांट लगाए जायेंगे।

#### पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

एसडीएम ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह योजना पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के कामकाजी महिला छात्रावास, अनाथालय, वृद्ध आश्रमों, बालगृह, नारी निकेतन, प्राकृतिक चिकित्सालय, रेडक्रॉस संस्थान तथा अन्य धर्मार्थ संस्थानों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट लगाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी 50 प्रतिशत राशि संबंधित संस्था द्वारा दी जाएगी और इन संस्थानों में बिना बैटरी बैंक के 50 किलोवाट तक के सोलर पावर प्लांट लगाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि इच्छुक सामाजिक संस्थाएं नीति आयोग के दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

## पेड़-पौधों की कम होती संख्या मानव और पशु-पक्षियों के लिए भी घातक : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बिट्स इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह, बिट्स संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शशि रंजन परमार एवं पत्रकार क्लब के अध्यक्ष ईश्वर धामू शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा त्रिवेणी रोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य अशोक मुंजाल द्वारा विद्यार्थियों को पौधों की रक्षा करने और उनके पोषण की जिम्मेदारी सौंपी गई। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पेड़-पौधों की संख्या लगातार कम हो रही है, जो कि मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए चिंतनीय है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की गंभीरता को प्रत्येक जन को समझना होगा । इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अशोक मुंजाल, प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सोमप्रकाश, सुनील रहेजा, हरीश रहेजा, शुभम रहेजा, प्रदीप कुमार, शैक्षणिक प्रबंधकचारु मेहता और समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**भिवानी।** स्कूल परिसर में पौधारोपित करते एसपी मनबीर सिंह।

## पर्यावरण को सुरक्षित नहीं रखा तो आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी : राकेश



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हलके के गांव खरक में विधायक 'कपूर सिंह वाल्मीकि' के छोटे भाई 'राकेश वाल्मीकि' ने आशीष कुमार, संतलाल एवं ग्रामवासियों सहित मिलकर पौधारोपण किया। उन्होंने दर्जनों प्रजातियों के पौधे लगाए और त्रिवेणी लगाई। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते हम नहीं चेते तो वह वक्त दूर नहीं जब आने वाली पीढ़ियां हमें कोसने का काम करेंगी। क्योंकि ऑक्सीजन के बगैर मानव जीवन संभव नहीं है और हमें पौधा रोपण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हालिया सरकार की स्कीम "एक पेड़ मां के नाम" चलाई है और हमें अपनी भगवान रूपी मां के नाम पर पौधा लगाकर उसे समय समय पर खाद पानी देकर सींचना चाहिए। सभी ने उनकी बातों पर अमल करने की बात कही।

## भव्य तरीके से मनाई जाएगी राजपूत सम्राट अनंगपाल सिंह तोमर की जयंती : नेत्रपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिल्ली को बसाने वाले एवं मर्यादा को मानने वाले राजपूत सम्राट अनंगपाल सिंह तोमर द्वितीय की जयंती को लेकर भिवानी में बहुत ही खुश का माहौल दिखाई दे रहा है।

दिल्लीपति के वंशज भिवानी में और आस पास के क्षेत्रों में बसे गांव में है। हर साल की तरह इस बार भी भिवानी में सम्राट अनंगपाल तोमर द्वितीय की जयंती को विशेष मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में इस बार राजपू सम्राट अनंगपाल सिंह तोमर द्वितीय की जयंती को राजपूत महाराजा नीमपाल सिंह तंवर के वंशजों द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है।

कार्यक्रम मुख्य आयोजक पूर्व वायु सैनिक नेत्रपाल तंवर संगठन मंत्री हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा और राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सम्मान ट्रस्ट (रजि.) ने बताया कि राजपूत समाज ने हमेशा से देश को एकजुट और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का कार्य किया है। राजपूतों द्वारा सबसे ज्यादा रियासतें और किले भारत देश को अखंड बनाने के लिए दान के रूप में दे दिए थे। एक बार फिर राजपूत समाज इस कार्यक्रम के माध्यम से विशेष रूप से भिवानी के साथ साथ हरियाणा में सामाजिक भाईचारे को मजबूत करने के लिए योगदान देने की तैयारी कर रहा है।

भिवानी को बसाने वाले महाराजा नीमपाल सिंह तंवर द्वारा जो कार्य किए गए थे। उनका विशेष रूप से सर्वसमाज आज भी ऋणी है। महाराजा नीमपाल सिंह द्वारा 12 दरवाजे और 16 पाने का भिवानी का इतिहास भी स्वर्णिम है।

## चौ बंसीलाल कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**लोहारू।** चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. मुकेश चहल की अध्यक्षता में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत चम्पा, शीशम, नीम, जामुन आदि के पौधे रोपित किए गए तथा उनके पालन पोषण का संकल्प लिया गया। प्रदीप सोहांसरा ने कहा कि प्रकृति और माँ का हमेशा सम्मान करना चाहिए। क्योंकि उसी की गोद में खेलकर जीवन को नए आयाम मिलते हैं। प्राचार्य डॉ मुकेश चहल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग रोकने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वृक्षों की महत्ता को देखते हुए इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसका पालन पोषण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता है। इस अवसर पर मेरा युवा भारत यूथ के प्रदीप सोहासडा, प्रो. डॉ. सुखवीर सिंह, प्रो. डॉ बजरंग, प्रोफेसर सुजीत कुमार, मोहन, अजय सिंह, छात्र राहुल, अंकित, प्रवीण और आदेश सहित स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।



**भिवानी।** चौ बंसीलाल कॉलेज में पौधरोपण करते हुए प्राचार्य डॉ मुकेश चहल व स्टाफ।

## हलवासिया विद्या विहार में प्रतियोगिता का आयोजन, टीम ब्रेनली बंच ने मारी बाजी

# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को लेकर प्रश्नोत्तरी आयोजित

- केमिस्ट्री प्रवक्ता गरिमा शर्मा ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार के वरिष्ठ विभाग में जगदीश चंद्र बसु एसोसिएशन की ओर से एक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (साइंस क्विज) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि, तर्कशक्ति और नवीन सोच को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर गवर्नमेंट कॉलेज से प्रोफ़ेसर अनिल सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। प्रतियोगिता में 'द जीनियस स्क्वाड', 'ब्रेनी बंच', 'यूरेका एक्सप्लोरर्स', और 'द नॉलेज क्रू' आदि चार ग्रुप्स ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्रों में अंशुल, यशवी, ऑनिक, धैर्य, अभिनव, कनिष्का, संध्या, अभिषेक, कृष्णा, सानवी, युवराज, दीपांशी, नित्य, निकिन, तांशी और प्रतिष्ठा शामिल रहे। कार्यक्रम में केमिस्ट्री प्रवक्ता गरिमा शर्मा ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाकर पूरे आयोजन को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाया।

अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए टीम ब्रेनली बंच (अभिनव वशिष्ठ, कनिष्का, संध्या अभिषेक) ने प्रथम स्थान, द नॉलेज क्रू(नित्य, निकिन, तांशी, प्रतिष्ठा ) ने द्वितीय स्थान, यूरेका एक्सप्लोरर्स (कृष्णा, सानवी, युवराज, दीपांशी)ने तृतीय स्थान तथा द जीनियस स्क्वाड (अंशुल, ऑनिक,यशवी, धैर्य) ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त कर तालियाँ बटोरी।इस दौरान ऑडियंस में बैठे छात्रों ने भी विज्ञान संबंधी प्रश्नों के सही उत्तर देकर पुरस्कार प्राप्त किए। मुख्य अतिथि अनिल सिंघल ने छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में प्रेरक जानकारियां प्रदान की। उन्होंने स्पेस मिशन, अंतरिक्ष यात्राओं के महत्व पर प्रकाश डाला तथा राकेश शर्मा, कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स और शुभांशु शुक्ला जैसे प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्रियों के योगदान से छात्रों को अवगत करवाते हुए प्रेरित किया। प्रशासक डॉ० शमशेर सिंह अहलावत एवं प्राचार्य विमलेश आर्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में जिज्ञासा, विश्लेषण शक्ति और टीमवर्क जैसे गुणों का विकास करती हैं। विज्ञान की पढ़ाई का असली उद्देश्य यही है कि बच्चे सोचें, प्रश्न करें और खोज करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासु बनने, प्रयोग करने और सीखते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्रों को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफलतम् अंतरिक्ष यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी।




**भिवानी।** आयोजित प्रशेनोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए।

#### प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित किया

क्विज मास्टर गरिमा शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हार या जीत से ज़्यादा ज़रूरी है ज्ञान और अनुभव। आप सभी छात्रों ने भाग लेकर जो प्रदर्शन किया है वह प्रशंसनीय है। हर सवाल के पीछे छुपे विज्ञान को समझने की जिज्ञासा ही आपको आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्रों को स्मृति चिह्न,सर्टिफिकेट्स एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग प्रमुख अलेक्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार, सुवीरा गर्ग, फिजिक्स प्रवक्ता रितु शर्मा, नरेश मेहता, केमिस्ट्री प्रवक्ता ज्योति, मैथ्स प्रवक्ता मोनिका मेहता, पुनित परुथी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### अमृत योजना के फ्रस्ट फेज के कार्यों को जांचेगी सांसद किरण चौधरी:अमर सिंह

**भिवानी।** 19 जुलाई को सांसद किरण चौधरी अमृत भारत योजना के तहत अपग्रेड किए जा रहे भिवानी रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इस दौरान यहां पर अमृत योजना प्रथम पेज में करवाए गए विकास कार्यो का निरीक्षण भी करेगी। भाजपा नेता अमर सिंह हालवासिया ने बताया कि प्रथम पेज में रेलवे स्टेशन का प्रवेश द्वार, स्टेशन का सौंदर्यकरण, स्टेशन पर लगाए गए फुव्वारों, एक नम्बर प्लेट फार्म के नवीनीकरण कार्य, वेटिंग हॉल में ऐसी लगाने, बेहतरीन शौचालय तथा बनाए गए स्नान घरों के भवनों का भी निरीक्षण करेगी। साथ ही सांसद किरण चौधरी अमृत योजना के पेज दो में होने वाले कार्यो के बारे में जानकारी लेगी। साथ ही यह भी जानकारी लेगी कि पेज दो में होने वाले कार्य( नए पुल के निर्माण कार्य, चार नम्बर प्लेट फार्म बनाने तथा दुर्गा कॉलोनी इलाके की तरफ प्रस्तावित सेंकेंड प्रवेश द्वार बनाए जाने ) के बारे में रेलवे अधिकारियों से बातचीत करेगी।

## खबर संक्षेप



### लिटिल हार्ट्स स्कूल में कोडिंग संबंधी गतिविधि

**भिवानी।** लिटिल हार्ट्स इंटरनैशनल स्कूल में विश्व युवा कौशल सप्ताह के अंतर्गत आज छठी कक्षा के विद्यार्थियों की कोडिंग संबंधी गतिविधि का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सभी विद्यार्थियों ने बढ-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आज छठी कक्षा की विद्यार्थियों की 'कोडिंग ऑन रेन ट्रैकर' गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने प्रतिभा के जोहर दिखाया।

### ट्राली चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार



**चरखी दादरी।** दादरी सीआईए स्टाफ ने ट्रक की ट्राली चोरी के तीन आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया , जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बुधवार को गांव हड़ौदी निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसकी श्री लक्ष्मी बिल्डर्स एंड सप्लायर के नाम से फर्म है। फर्म के नाम 15 ट्राले हैं। मंगलवार देर शाम उसने अपना एक ट्राला की ट्राली को ठीक करवाने के लिए धींगड़ा ट्रैडिंग में खड़ा किया था। रात 2 बजे ट्राली चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर ट्राली व अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दी।



### शिविर में 72 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**तोशाम।** तोशाम के गांव आलमपुर में श्याम बाबा लाइब्रेरी के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में डीएसपी दलीप सिंह ने युवाओं को प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, और हर व्यक्ति को अपने जीवन के हर शुभ अवसर पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। डीएसपी ने कहा कि शरीर में रक्त की पूर्ति दो दिनों में हो जाती है, जिससे नई ऊर्जा और स्फूर्ति मिलती है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

### कर्मचारी गैरहाजिर रहने से प्रशासन हुआ सख्त

**बाढड़ा।** उपमंडल मुख्यालय के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में अफसरों कर्मचारियों के नदारद रहने से विकास कार्यो व आमजन संबधित कामकाज बाधित होने पर विभाग ने सख्त कदम उठाया है। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को सुबह नौ बजे से पांच बजे तक कार्यालय में रहकर कामकाज पूरा करने की सख्त हिदायत दी है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पिछले छह माह में तीन बार एसडीएम व तीन बार विधायक के दौरे के दौरान अधिकतर अधिकारी, कर्मचारी गायब ही मिले हैं।

## सड़कों में अनेक जगह बने गड्ढे, वाहन चालकों के लिए खड़ी हुई परेशानी

# बारिश ने बिगाड़ी सड़कों की सेहत, धंसी गलियों से लोंगों का निकला हुआ दुभर

रेलवे स्टेशन की तरफ सड़क में अनेक जगहों पर रोडियां निकलने की वजह से गड्ढे बन गए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

बारिश से गर्मी व उमस से लोगों को छुटकारा मिला,लेकिन ज्यादा बारिश से राहत के साथ साथ लोग आहत भी हुए है। किसानों के खेतों में ज्यादा पानी जमा होने से खरीफ की फसलें बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। वहीं शहर व कस्बों में भी बारिश के पानी ने सड़कों व गलियों की सेहत पूरी तरह से बिगाड़ दी है। ज्यादा पानी बरसने से अनेक जगहों पर गलियों में लगाए गए ब्लॉक धंस गए।

जिस वजह से अनेक जगहों पर गड्ढे बन गए है। वहीं पानी जमा होने से सड़कों की रोड़ियां बिखर गई है। अनेक जगहों पर दो से ढाई फुट लंबी दूरी तक के गड्ढे बन गए है। जो कि वाहन चालकों के लिए खासी परेशानी का कारण बन है। खासकर दोपहिया वाहन चालक आए दिन उनमें गिर कर जख्मी हो रहे है। यह हालत शहर, कस्बों की ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी बारिश के पानी से सड़कों की रोड़ियां बिखकर बाहर आ गई है। जो कि दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

वैसे तो बारिश से शहर की सड़कों की हालत बेहद पतली हो गई है,लेकिन सबसे बुरी स्थिति शिव नगर कॉलोनी इलाके की बनी है। वहां पर सड़क धंसने से पांच फुट तक गहरा गडडा बन गया है। हालांकि उपर ब्लॉक सही सलामत नजर आ रहे है,लेकिन ब्लाकों के बीच से झांकने पर गहरा गड्ढा नजर आ रहा है। अगर इस जगह से व्यक्ति निकलना चाहे तो उसका गड्ढे में गिरना तय है। क्योंकि सड़क के नीचे पानी पहुंचने से गड्ढा गहरा बना है।



**भिवानी।** बारिश की वजह से सड़क में बना गड्ढा। *फोटो : हरिभूमि*

### दो से तीन फुट लंबे गड्ढे बन गए

इसी तरह सरकूलर रोड पर अनेक जगहों पर बारिश के पानी से रोडियां निकल आई और उनकी जगह दो से तीन फुट लंबे गड्ढे बन गए। बारिश आते ही इन गड्डो में पानी जमा हो जाता है। जो कि दुर्घटना का कारण बनता है। इस मार्ग पर दो जगह गड्ढे बनने से वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दुर्घटनाओं से बचने व अन्य लोगों को बचाने के लिए क्षेत्र के लोगों ने गड्ढे पर बैनर रख कर लोगों को सचेत करने का प्रयास कर रहे है। ताकि कोई दोपहिया वाहन चालक इन गड्डों में गिर कर चोटिल न हो जाए। इसी तरह रेलवे स्टेशन की तरफ सड़क में अनेक जगहों पर रोडियां निकलने की वजह से गड्ढे बन गए और उन गड्डों में बारिश का पानी जमा है।



**भिवानी।** किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए सड़क में बने गड्ढे पर ढका बैनर।



**भिवानी।** सड़क पर बने गड्ढे में जमा बारिश का पानी। *फोटो : हरिभूमि*



**बाढड़ा।** बाढ़डा में आयोजित धरने पर बैठे लोग। *फोटो : हरिभूमि*

# भाकियू का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा

- किसानों ने धरने पर सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

कस्बे के जुई रोड़ पर किसान संगठनों द्वारा संचालित बेमियादी धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने पर दूसरे दिन भी सैंकड़ों किसानों ने भागीदारी करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने तुरंत नए कनैक्षन करवाने व लंबित मुआवजा भी इसी माह के अंतिम सप्ताह तक जारी ने करवाने पर किसानों ने धरना जारी रखने का फैसला लिया। अनाजमंडी व तहसील कार्यालय के समक्ष भाकियू जिला महासचिव ओमप्रकाश उमरवास की अध्यक्षता में संचालित बेमियादी धरने को संबोधित करते हुए राजकुमार हडौदी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार मुआवजे के नाम पर किसानों का शोषण कर रही है। किसान प्रतिवर्ष लाखों का प्रीमियम अदा कर रहे हैं जबकी कंपनियां रातोंरात फैसलें लेकर किसानों के हितों से खिलवाड़ कर रहे हैं। 2023 का बकाया मुआवजा एक चौथाई भी जारी नहीं किया और बीमा कंपनी सारा डकार गई वहीं अब वर्ष 2024-25 की रबी सीजन में गेहूं, सरसों व सब्जियों की फसलों पर तीन बार की प्राकृतिक आपदा की मार के बावजूद सरकार अभी तक बजट जारी नहीं कर पाई है। किसानों को वह फसल तो नाममात्र की प्राप्त हुई वहीं बरसात से उनको महंगे भाव का बीज खरीदना पड़ रहा है।

### बड़ा आंदोलन शुरु करेंगे

देश में आज महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है वहीं कृषि क्षेत्र पर प्राकृतिक आपदा की मार के कारण आज किसान आर्थिक बदहाली का शिकार है। प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी को इस मामले पर तत्काल कदम उठाना चाहिए। लंबे समय से पैसे भरने के बावजूद किसानों को ट्यूबवैल कैनेकशन जारी नहीं किए जा रहे हैं जो न्यायसंगत नहीं है। किसान अपने अधिकार के लिए अब चुप नहीं बैठेगा तथा अब बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरु किया है तथा सरकार ने जल्द ही सुध नहीं ली तो बड़ा आंदोलन शुरु किया जाएगा।

# शिवाजी सदन ओवरऑल विजेता

- अंग्रेजी भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में अंतरसदनीय अंग्रेजी भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया मुख्यातिथि रहे जबकि उपप्राचार्य सरस्वती दीक्षित विशिष्ट अतिथि रही। प्रतियोगिता में शिवाजी सदन ओवरऑल विजेता रहा।

शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने अपने तर्कशीलता का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में शिवाजी सदन की भूमिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अशोक सदन की दीक्षा रहीं जबकि तृतीय स्थान प्रताप सदन की निशा को प्राप्त हुआ। उच्च वर्ग की वाद विवाद प्रतियोगिता में अशोक सदन की मान्या ने शानदार प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टैगोर सदन की ऋतु ने द्वितीय और प्रताप सदन की अनोखी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 523 अंक हासिल कर हाऊस में ओवरऑल स्थान प्राप्त किया। 504 अंकों के साथ टैगोर द्वितीय स्थान पर रहा है।




**बहल।** बीआरसीएम स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेती प्रतिभागी छात्रा।

# केंद्रीय मंत्री निर्मला से मिलीं श्रुति चौधरी

- मुलाकात के दौरान महिलाओं व बच्चों के कल्याणकारी योजनाओं पर की विस्तार से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने शुक्रवार को केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमन से उनके दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्रुति चौधरी ने केंद्रीय मंत्री से प्रदेश की प्रगति, विकास व जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने केंद्रीय वित्तमंत्री को हरियाणा के विकास को लेकर चल रही अनेकों परियोजनाओं और हरियाणा की महिलाओं व बच्चों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया। श्रुति चौधरी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन को जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा केंद्र सरकार के साथ-साथ प्रदेश सरकार भी अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं। विभाग का मुक्चय उद्देश्य महिलाओं के जीवन का उत्थान करना है। महिलाओं के स्वावलंबन के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं को निरंतर जागरूक करने का काम कर रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं उनके कल्याण के लिए लागू की जा रही योजनाओं का लाभ उठा सकें।



**भिवानी।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात करती कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

### इन पर भी की चर्चा

साथ ही कहा कि महिलाओं को स्व रोजगार के लिए भी प्रेरित किया जाता है। इसके साथ-साथ स्व रोजगार शुरू करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि भी जरूरतमंद महिलाओं को उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में न केवल जागरूक किया जाता है बल्कि महिलाओं व बच्चों को अन्य योजनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी दिलवाया जा रहा है।

# अनिल गौड़ बने भिवानी के खंड शिक्षा अधिकारी

- शिक्षकों ने किया भव्य स्वागत
- बीईओ अनिल गौड़ के नेतृत्व में भिवानी में शिक्षा का स्तर होगा और भी बेहतरीन : विनोद पिंकू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए जाने जाने वाले अनिल गौड़ को भिवानी का नया खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिला के शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। बता दे कि अनिल गौड़ ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वे गांव तिगड़ाना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव बड़सी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और गांव गोलपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर प्राचार्य अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इन विद्यालयों में उनके कार्यकाल के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली। इसके अतिरिक्त गौड़ ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में अतिरिक्त सचिव के रूप में भी सराहनीय भूमिका निभाई है। बोर्ड में रहते हुए उन्होंने शिक्षा नीतियों के क्रियान्वयन और परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी इस नई नियुक्ति पर भिवानी के शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी अनिल गौड़ का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया।



**भिवानी।** अधिकारी का स्वागत करते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### इन विषयों पर की चर्चा

शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी अनिल गौड़ के नेतृत्व में भिवानी में शिक्षा का स्तर पहले भी बेहतरीन होगा। अनिल ने शिक्षकों और शिक्षाविदों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्राथमिकता भिवानी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करना होगा।

# नवनियुक्त पार्षदों ने ली शपथ

विधायक सांगवान ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

सरकार द्वारा नगर परिषद दादरी में तीन पार्षद मनोनीत किए हैं। जिसमें मनोनीत नगर पार्षद विक्रम श्योराण, अश्वनी कुमार व निर्मला सैनी शामिल हैं। शुक्रवार को नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों ने शपथ ली और आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुनील सांगवान ने उनका स्वागत किया।

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि शहर का विकास करवाना मुख्य लक्ष्य है। सभी पार्षदों को साथ लेकर शहर का विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता से शहर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। सांगवान ने कहा कि सभी वार्डो में विकास कार्य को लेकर एस्टीमेट बनाकर काम शुरू करवाए जाएं। शहर के सुंदरीकरण को लेकर जो भी प्रोजेक्ट पाइप लाइन में उन्हें जल्द सिरे चढाया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन बक्शी सैनी, वाइस चेयरमैन संदीप फोगाट सहित नगर पार्षद व नगर परिषद अधिकारी मौजूद रहे।




**चरखी दादरी।** नवनियुक्त पार्षदों को शपथ दिलाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## नष्ट करने से पहले इनका वजन तोलकर, जलाकर, भूमि में दबाया जाएगा

# जंगली कैनाबिस फैनस भांग के पौधों को नष्ट करेंगे कर्मचारी

- सभी जानकारी भिवानी उपायुक्त कार्यालय में भिजवाई जाएगी

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा शहर व आसपास के एरिया में कैनाबिस फैनस ''भांग के पौधो'' को काटकर उनकी तुलाई करके उन्हें आग के हवाले करके जमीन में दफन किया जाएगा। इन जंगली भांग के पौधों के विनाश के प्रमाण व फोटो सहित इसकी सभी जानकारी भिवानी उपायुक्त कार्यालय में भिजवाई जाएगी ताकि न्यायालय व अधिकारियों के आदेशों की पालना की जा सके। वहीं शहर में जंगली झाड़ियों का भी सफाया किया जाएगा। जिसके लिए नपा सचिव द्वारा टीमें बना दी गई हैं।

**शहरवासियों में खुशी की लहर:** विभाग के आदेशानुसार भांग के पौधों को नष्ट करने पर शहरवासियों में खुशी देखी जा सकती है। क्योंकि खासकर युवा नशे की तरफ बढ़ रहा है और ऐसे युवा इस भांग के पौधों से अलग-अलग तरीकों से जुगाड़ बनाकर इसका सेवन करते थे और नशे की लत को बढ़वा देते थे लेकिन विभाग की इस पहल से उनके खुशी देखी जा सकती है।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में हांसी-भिवानी मार्ग पर भांग के पौधों को उखाड़ते हुए।

### नपा सचिव ने तैयार की टीमें

*नगर पालिका सचिव संदीप गर्ग द्वारा उपायुक्त से मिले आदेशानुसार 3 सदस्सीय टीम का गठन किया है जिसमें पालिका अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, लेखाकार की ड्यूटी लगाई गई है जिसमें बवानीखेड़ा शहर के क्षेत्र से पूर्ण रूप से जंगली भांग के पौधे एवं कंटीली झाड़ियों को ट्रैक्टर-लोडर एवं आवश्यक मशीनरी हायर कर समस्त का साफ किया जाए। सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि अधिकारी के आदेशों की पालना की जा रही है।*

### ढ़ाणी खुशहाल से लेकर लोहारी जाटू की सीमा में पौधे

अगर बात की जाए तो हांसी सीमा से सटे ढ़ाणी खुशहाल, सिकंदरपुर, मिलकपुर, जीताखेड़ी, सुंदर नहर अलखपुरा, बवानीखेड़ा, लोहारी जाटू मुख्य मार्ग के दोनों तरफ व आसपास के क्षेत्र में सड़क की दोनों पगडंडियों पर जंगली भांग के पौधे लगे हुए ऐसा प्रतीत होता है मानों किसी ने इसकी खेती की हुइ्र हो लेकिन ये प्रकृति की देन ही समझें की ये कभी समाप्त नहीं होते, पनपते हैं, बड़े होते हैं और सूख जाते है और फिर वही रूटीन शुरू हो जाता है। सूत्रों की मानें तो नशे के आदि इन भांग के पौधों से नशे का सेवन करते हैं और नशे को बढ़ावा देते हैं।

### उखाड़कर, तोलकर, जलाकर, दबाकर ली जाएंगी फोटो

बताया जाता है कि उपायुक्त कार्यालय से नपा कार्यालय को मिले आदेशानुसार मजदूरों, मशीनरी का प्रयोग करके बवानी खेड़ा की सीमा में इन पौधों को उखाड़ते हुए फोटो ली जाएंगी और इसका क्षेत्रफल व वजन भी किया जाएगा। इसके अलावा एक प्रतिनिधि की देखरेख में इसे जलाया जाएगा और विभाग को तस्वीरें भेजी जाएंगी।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को भिवानी शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)

अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005